दूरभाष –05278245957
फैक्स –05278248123

E-Mail ID : registrar@rmlau.ac.in
Website : www.rmlau.ac.in

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

पत्रांक : सा0प्र0 / लो0अ0वि0–110 / 2023 दिनांक : मार्च–14, 2023

अधिसूचना

27वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 17, मार्च, 2023

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का 27वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 17 मार्च, 2023 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे से सम्पन्न होना सुनिश्चित है। एतद्क्रम में ध्यातव्य है कि:–

1. पी–एच0डी0 / डी–लिट0 उपाधि धारक तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातकोत्तर तथा स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधि पत्र एवं विभिन्न संकायों तथा विषयों में प्रथम प्रयास में प्रथम श्रेणी के साथ सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को दिनांक 15–16 मार्च, 2023 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे से अपरान्ह् 04:00 बजे तक परीक्षा विभाग / शोध विभाग से उपाधि एवं शैक्षिक परिधान (उत्तरीय) आदि अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, निकट भारतीय स्टेट बैंक (विश्वविद्यालय परिसर) से प्रदान किये जायेगें।

2. विभिन्न संकायों / विषयों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rmlau.ac.in पर अपलोड है।

3. सभी उपाधि धारकों एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि वे समारोह में प्रतिभाग करने हेतु अपनी उपाधि एवं परिधान निर्धारित तिथियों में निर्धारित स्थान से प्राप्त करने का कष्ट करें।

4. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 15.03.2023 को अपरान्ह् 03:00 बजे** एवं **दिनांक 16.03.2023 को दोपहर 12:00 बजे** दीक्षान्त समारोह के रिहर्सल में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें तथा **दिनांक 17.03.2023** को दीक्षान्त समारोह स्थल (स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह) पर **पूर्वान्ह् 09:00 बजे** तक अवश्य उपस्थित हो जायें।

5. स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं के अतिरिक्त अन्य उपाधि धारक छात्र / छात्राओं व शोध उपाधि धारकों से अनुरोध है कि दीक्षान्त समारोह स्थल (स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह) पर दिनांक 17.03.2023 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे तक अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें।

6. 27वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि प्राप्तकर्ता एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि निर्धारित परिधान धारण कर समारोह में उपस्थित होने का कष्ट करें।

7. समारोह स्थल में मोबाईल अथवा अन्य कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण प्रतिबन्धित रहेगा।

(उमानाथ)
कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं समन्वयक।
2. कुलानुशासक / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / पुस्तकालयाध्यक्ष।
3. परीक्षा नियंत्रक / सहायक कुलसचिव / प्रशासनिक अधिकारी / प्रधान सहायक / प्रभारी समस्त अनुभाग।
4. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
6. निजी सचिव, कुलपति को, कुलपति महोदया के अवलोकनार्थ।
7. आशुलिपिक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव को, वित्त अधिकारी / कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
8. पत्रावली।

(उमानाथ)
कुलसचिव